## एक नजर में

### घर का सामान बेचने से रोका तो पत्नी को पीटा

**ब्यावरा 05 मई, का.** शहर के सुठालिया रोड में घरेलू विवाद के दौरान पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार फरियादी आरती जोशी (40) ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह घरेलू कामकाज करती है. रविवार शाम करीब 6 बजे वह दूध लेने गई थी. वापस लौटने पर उसे पता चला कि उसका पति लखन जोशी घर का सामान बेचकर चला गया है. इस पर जब उसने पति से सवाल किया तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की. पीड़िता के अनुसार शोर मचाने पर आरोपी ने उसे घर से बाहर भगा दिया और विरोध करने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी।इसके बाद महिला ने डायल 112 पर सूचना दी और पुलिस के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई.

### उर्वरक, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें



**राजगढ़ 05 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में खरीफ 2026 सीजन की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में खरीफ फसलों की बोनी से पूर्व उर्वरक, बीज एवं कृषि यंत्रों की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक में डॉ. एस.के. कौशिक, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र राजगढ़ द्वारा आकस्मिक कार्य योजना (कम एवं अधिक वर्षा की स्थिति) के अंतर्गत जिले की भूमि संरचना के अनुसार उपयुक्त फसलों एवं किस्मों पर विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही कृषि यंत्रीकरण के संबंध में कृषि यंत्री शिवम रघुवंशी द्वारा सोयाबीन की बोनी हेतु बी.बी.एफ., रेज्ड बेड प्लांटर एवं रिज-फरो जैसी तकनीकों की जानकारी देते हुए बताया गया कि इन यंत्रों के उपयोग से कृषक कम एवं अधिक वर्षा की स्थिति में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं. उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा जिले में बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता तथा नर्सरी प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दलहनी फसलों (अरहर, उड़द) के रकबे में वृद्धि करने के निर्देश दिए. साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र को मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में गुणवत्ता युक्त मिट्टी नमूनों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए. बैठक में वसीम खान नायता, प्रहलाद सिंह बारेला सहायक संचालक कृषि, गोपाल मेवाड़ा बीज निगम, कमल सिंह गौर कालीमाता बीज उत्पादक सहकारी समिति सहित विभिन्न बीज उत्पादक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विकासखंड स्तर के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी उपस्थित रहे. जिले में बीज का भंडारण कर वितरण की प्रक्रिया भी सतत रूप से संचालित की जा रही है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि जिले में किसानों की आवश्यकता के अनुसार उर्वरक एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े.

# सूदखोरी से परेशान किसान ने खाया जहर

## रामगंज निवासी किसान के जहर खाने के बाद जिला अस्पताल में रेफर किया गया

### पगड़ी से बांधकर मारपीट का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 05 अप्रैल, सं. नगर अंतर्गत ग्राम रामगंज के एक किसान द्वारा कथित सूदखोरी और मारपीट से परेशान होकर जहर खाने का मामला सामने आया है. मंगलवार को किसान बापूलाल सौंधिया ने जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया, जिसके बाद परिजन उन्हें गंभीर अवस्था में खिलचीपुर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे. यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया.**



पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित के बयान दर्ज किए हैं और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. परिजनों के अनुसार, ग्राम रामगंज निवासी किसान बापूलाल सौंधिया ने करीब दो वर्ष पहले खिलचीपुर निवासी जितेंद्र वर्मा उर्फ जीतू से 10 हजार रुपए उधार लिए थे. आरोप है कि आरोपी द्वारा मूल राशि पर अत्यधिक ब्याज जोड़ते हुए लगभग 50 हजार रुपए की मांग की जाने लगी, जिससे किसान मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था.

### फिर हुई मारपीट, टूटे किसान ने उठाया कदम

परिजनों का आरोप है कि समझौते के बावजूद मंगलवार को कालाजी बड़ली क्षेत्र में आरोपी ने दोबारा बापूलाल के साथ मारपीट की. लगातार दबाव, आर्थिक बोझ और सार्वजनिक अपमान से आहत होकर किसान ने सल्फास की गोली खा ली. फिलहाल किसान की हालत गंभीर बनी हुई है और जिला अस्पताल में उपचार जारी है. पुलिस का कहना है कि पीड़ति के बयान के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है तथा जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

### पगड़ी से बांधकर मारपीट का आरोप

पीड़ित के भतीजे रामबाबू सौंधिया ने बताया कि सोमवार को बापूलाल सौंधिया 5 हजार रुपए लौटाने के लिए सोमवारिया हाईवे-52 स्थित जितेंद्र वर्मा की दुकान पर पहुंचे थे. इसी दौरान आरोपी ने कथित रूप से उनके सिर पर बंधी पगड़ी से ही उन्हें बांध दिया और अपने साथी विक्रम के साथ मिलकर मारपीट की. घटना की जानकारी गांव पहुंचते ही सरपंच एवं परिजन मौके पर पहुंचे और किसान को छुड़ाकर थाने ले गए. बताया जा रहा है कि उस समय दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो गया था.

# उपार्जन के नाम पर किसानों से अन्याय कर रही सरकार



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 05 अप्रैल, का.** जिला कांग्रेस की विशेष बैठक में अध्यक्षता जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खिंची द्वारा की गई. बैठक में नव नियुक्त जिला कार्यकारणी के सभी उपाध्यक्षगण, महासचिवगण, सचिवगण, कोषाध्यक्ष प्रवक्तागण, मिडिया, सोशल मिडिया प्रभारी, समस्त प्रकोष्ठ के प्रभारीगण (चिकित्सा प्रकोष्ठ, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के नव नियुक्त प्रभारीयों को बधाई एवं संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई.

बैठक को पूर्व विधायक गण, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों एवं संगठन के उपाध्यक्षगण, महासचिवगण एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रतसिंह खिंची द्वारा संबोधित किया गया. जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन सृजन के अंतर्गत की गई नियुक्तियों पर बधाई दी. वहीं किसान समस्याओं को लेकर चक्का जाम शाजापुर में किया जाएगा. उन्होंने कहा कि मजबूर बीजेपी में जाता है और मजबूत कांग्रेस में आता है. केरल में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार की बनने कि बधाई दी. सरकार ने खरीदी प्रक्रिया जटिल बनादी है. असुविधा के लिए सरकार पोर्टल बंद करके रखती है. किसानो को 30-40 कि.मी. दूर बिक्रय केन्द्र अलोट हो रहे है. एसआईआर में जिले में अनियमिता कि गई थी परंतू कांग्रेस पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने बहादुरी से सामना किया है. 7 मई को होने वाले प्रदेश व्यापी चक्का जाम को 7-जोन में बाटा गया है. जिला संयुक्त रूप से शाजापुर, देवास, आगर मालवा, के साथ शाजापुर में चक्का जाम करेगा जिस में मध्य प्रदेश में परेशान हो रहे किसानो कि आवाज को बुलंद किया जावेगा. बैठक में पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, कृष्णा मोहन मालवीय, हेमराज कल्पोनी, बापू सिंह तंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया, पीसीसी सचिव रघुपरमार, समस्त जिला कार्यकारणी ब्लाक, मंडलम, नगर, एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उपस्थित थे, कार्य क्रम का संचालन संगठन महासचिव राधेश्याम सोमतिया ने किया एवं आभार प्रवक्ता एहतेशाम हसन सिद्दिकी ने किया.



# जनगणना कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश

## 15 मई से पूर्व हर हाल में पूर्ण करें प्रगणना

फील्ड में पहुंचकर अधिकारियों ने परखी प्रगति

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 05 मई, का. राजगढ़ जिले में संचालित जनगणना कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक राज्य जनगणना निदेशालय भोपाल रामावतार पटेल, जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) ब्यावरा, तहसीलदार ब्यावरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ब्यावरा द्वारा ग्राम खुरी एवं ब्यावरा नगरीय क्षेत्र में जनगणना कार्य का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं प्रगति का गहन अवलोकन किया गया. इसके साथ ही संयुक्त निदेशक दिलीप साहू (राज्य जनगणना निदेशालय) एवं जनगणना सहायक सुश्री शीतल कौसरवाल द्वारा राजगढ़ नगरीय, लिम्बोदा, खुजनेर नगरीय, पचोर नगरीय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर जनगणना कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रगणक 15 मई से पूर्व अपना कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें. उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर नियमित रूप से फील्ड में भ्रमण करते हुए प्रगणकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें, जिससे कार्य में गति बनी रहे और गुणवत्ता सुनिश्चित हो. कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि जिन प्रगणकों द्वारा अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, वे तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारंभ करें एवं समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें.

### नल-जल योजना : 7 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करे

**राजगढ़, 05 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित नल-जल योजनाओं, पेयजल व्यवस्थाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई.समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में संचालित कुल 332 नल-जल योजनाओं में से 325 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष योजनाओं में आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्रगति पर हैं. कुछ ग्रामों में विद्युत आपूर्ति, मोटर संचालन एवं तकनीकी कारणों से जल आपूर्ति बाधित हो रही है, जिस पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

### भीषण गर्मी में राहत का संवेदनशील प्रयास

**राजगढ़ 05 मई, का.** भीषण गर्मी के मद्देनज़र कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आमजन की सुविधा के लिए एक संवेदनशील पहल की गई है. कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में उपस्थित आवेदकों के लिए ठंडी एवं ताज़ी छाछ की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है. जनसुनवाई में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आने वाले नागरिक—विशेषकर बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे अपनी समस्याएं लेकर पहुंचते हैं. ऐसे में तेज गर्मी के प्रभाव को देखते हुए यह व्यवस्था उन्हें राहत प्रदान कर रही है. जिला प्रशासन का यह प्रयास न केवल आमजन को गर्मी से राहत देने का कार्य कर रहा है, बल्कि यह सुशासन, प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली एवं नागरिक केंद्रित प्रशासन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है. प्रशासन द्वारा जनसुनवाई को अधिक सुविधाजनक, सहज एवं जनहितैषी बनाने के लिए निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे प्रत्येक नागरिक को सम्मानजनक एवं संवेदनशील वातावरण में अपनी बात रखने का अवसर मिल सके.

### कलेक्टर ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

**राजगढ़ 05 मई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों का सघन एवं औचक निरीक्षण कर मौके पर ही लापरवाही पाए जाने पर संबंधित दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश भी दिए. साथ ही कुलीखेड़ा समिति में अनियमितताएं पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नोडल अधिकारी की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए तथा संबंधित ऑपरेटर के विरुद्ध कार्रवाई के आदेश दिए. साथ ही मार्केटिंग सोसायटी के नोडल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने धनिया जोगी, मां शारदा वेयरहाउस बड़बेली, भाटखेड़ा, ब्यावरा कला तथा मंडी स्थित शासकीय वेयरहाउस छापीहेड़ा सहित विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की. उन्होंने सभी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. टोकन वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने, समय पर बिल जनरेशन सुनिश्चित करने एवं किसी भी प्रकार की पेंडेंसी नहीं रखने के निर्देश भी दिए.

# सीएमएचओ को हाईकोर्ट से राहत, बनी रहेंगी पद पर

## फिर से राजगढ़ का प्रभार लेंगी, एलपी भकोरिया हटेंगे

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 05 मई, का. बीते दिनों लोकायुक्त द्वारा रिश्वत मामले में ट्रैप हुई सीएमएचओ शोभा पटेल को शासन द्वारा राजगढ़ से हटाकर शाजापुर स्थानांतरित कर दिया गया था. मामले में उनके द्वारा हाईकोर्ट में शासन के आदेश के विरूद्ध अपील की गई है. हाईकोर्ट द्वारा उन्हें फिर से राजगढ़ में यथावद पदस्थ करने का आदेश दिया है.**



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने राजगढ़ की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. शोभा पटेल को बड़ी राहत देते हुए उन्हें पद पर बने रहने की अनुमति दी है. हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका क्रमांक 16309/2026 पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जय कुमार पिल्लई ने अंतरिम आदेश जारी किया. कोर्ट ने 27 अप्रैल 2026 को जारी आदेश के प्रभाव पर रोक लगा दी है, जिससे उक्त आदेश फिलहाल याचिकाकर्ता पर लागू नहीं होगा. अदालत ने स्पष्ट किया कि डॉ. शोभा पटेल पूर्व की भांति अपने दायित्वों का निर्वहन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजगढ़ के रूप में करती रहेंगी. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे, जबकि राज्य की ओर से उप महाधिवक्ता प्रांजलि यजुर्वेदी ने पक्ष रखा.

# आपसी सामंजस्य से मजबूत होगी पार्टी

## मंडल पदाधिकारी नियमित तीन बैठकों में अनुपस्थित रहते हैं तो उन्हें दायित्व मुक्त किया जायेगा

**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 05 अप्रैल, सं. भाजपा मंडल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र के पालक संयोजक एवं मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक सोमवार रात्रि को विधायक कार्यालय में जिला भाजपा प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह ने ली.**

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने बताया कि हर माह की 1 से 7 तारीख के बीच मंडलों की बैठक होगी जिसमें में शामिल रहूंगा वहीं प्रत्येक दो माह में जिला प्रभारी बैठक में शामिल होगे, गुर्जर ने शक्ति केंद्र ओर बूथ की बैठकों की जानकारी देते हुवे बताया कि हर माह शक्ति केंद्र ओर बूथ की बैठकें भी करना है. जिला प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह ने जिलाध्यक्ष और विधायक की ओर इंगित करते हुए दो टूक कहा कि ये जिले और विधानसभा के पालक है. इनको आप पदाधिकारियों को अपना मान कर चलना चाहिए. पदाधिकारियों की बात मानना चाहिए. खटपट इसी स्तर पर निपटे. मेरे और प्रदेश के पास नहीं आना चाहिए. जिला प्रभारी ने आगे कहा पदाधिकारी,शक्ति केंद्र प्रभारी भी इनकी उचित बात माने ओर जिलाध्यक्ष विधायक भी इनकी बात माने. जिला प्रभारी ने कहा मंडल पदाधिकारी नियमित तीन बैठकों में अनुपस्थित रहते है उन्हें दायित्व मुक्त किया जाए. इस मौके पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि प्रदेश भाजपा और जिला भाजपा द्वारा दिए गए निर्देश का हम पालन करेंगे सभी मंडलों में नियमित बैठक होंगी सभी कार्यकर्ताओं के सामंजस्य से कार्य किए जायेगे.







**गोबर का खाद बेचना है**

श्री कृष्ण गौशाला करनवास में गोबर के खाद की नीलामी 10 मई को की जायेगी. इच्छुक व्यक्ति सुबह 10 बजे के पहले संपर्क करें. मो नं 8719966867

**गोशाला अध्यक्ष**

बिल 6 मई 2026

**शिकायत** ▶ श्रम विभाग को दी लिखित शिकायत, जांच व कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय जाने की चेतावनी

# बघेली सोलर प्लांट पर नहीं हो रहा नियमानुसार भुगतान

### श्रमिकों के गंभीर आरोप, वेतन कटौती से लेकर पीएफ गड़बड़ी की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 05 मई, का. ग्राम बघेली स्थित एक्मे सोलर प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन पर श्रम कानूनों के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगाए हैं. कर्मचारियों ने मुख्य श्रम विभाग अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है.**

शिकायत में कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कंपनी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के उनके वेतन से 6 हजार से 7 हजार तक की कटौती की गई है. वहीं, कर्मचारियों का कहना है कि उनकी उपस्थिति अटेंडेंस रजिस्टर और कंपनी के ऐप में दर्ज होने के बावजूद फर्जी अनुपस्थिति दिखाकर वेतन कम किया गया, जो सीधे तौर पर श्रम शोषण को दर्शाता है. कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी प्रबंधन द्वारा उन पर रोजाना 9 घंटे या उससे अधिक काम करने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि नियमानुसार 8 घंटे कार्य अवधि निर्धारित है. इसके अलावा 12 से 14 घंटे तक कार्य लेने के बावजूद ओवरटाइम का कोई भुगतान नहीं किया जा रहा. शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कई कर्मचारियों का लगभग एक वर्ष से भविष्य निधि पीएफ जमा नहीं किया गया है, जो कि गंभीर अनियमितता है. कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी खुलेआम श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रही है. इतना ही नहीं, कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में शिकायत करने पर उन्हें प्रताड़ित किया गया और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया. कर्मचारियों ने श्रम विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, बकाया वेतन व ओवरटाइम का भुगतान कराया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए.



### कर्मचारियों ने दी चेतावनी

कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि समय पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उच्च अधिकारियों एवं न्यायालय का सहारा लेने के लिए बाध्य होंगे. जानकारी के अनुसार सोलर प्लांट के अन्य कर्मचारियों को भी समय पर नियम अनुसार भुगतान नही किया जा रहा है.

एप्लीकेशन से अटेंडेंट्स लगाने का नियम है. कम सेलेरी को लेकर एच आर ने लिस्ट बना कर भेजने का बोला है. पीएफ किसी का बकाया नही है.

**दिलीप सिंह, प्लांट प्रबंधक बघेली**

कर्मचारियों ने आज शिकायत की है जिनसे संबंधित दस्तावेज मंगवाए गए है. श्रम कानून का पालन नही किया जा रहा है तो नोटिस देते हुए कारवाही जी जाएगी.

**सौरभ गुप्ता, जिला श्रम अधिकारी राजगढ़**

### कचरे, कबाड़ से हरियाली बचाने की मुहिम

**सुठालिया 05 मई, का.** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कचरे का समुचित प्रबंधन कर, कचरे का सदउपयोग करके नगर पालिका परिषद ब्यावरा एवं सुठालिया के सयोग से पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति द्वारा अनुपयोगी सामग्री जैसे प्लास्टीक, पौलेथिन बेस्ट मटेरियल कपड़े, पानी की बोतल व घरो से, दुकानो से, रेस्टोरेन्ट से होटलो से स्कूलो आदि से प्राप्त कर उसको रिसायकल कर उपयोग वस्तुओ का निर्माण किया जा रहा है. जिसमें ट्री गार्ड जाली, डस्टबीन, पेपर रखने का पेड (तख्ती), कुर्सी इक्रो ब्रिक्स, टेबल आदि छोटी-बड़ी उपयोगी सामग्री का निर्माण किया जाएगा. पर्यावरण प्रेमी संरक्षण समिति द्वारा इक्रो ब्रिक्स की 730 इटों का निर्माण किया गया है. जिसका उपयोग ब्यावरा नगर सौन्दर्यीकरण हेतु इक्रो विक्स से आई लव ब्यावरा के स्टेक्कर का निर्माण किया गया है. ईंटों के स्थान पर इक्रो विक्स से पेड की क्यारियों का निर्माण किया गया.

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

**B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27**
**प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)**

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नांतक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026